File No.76-2099/14/2021-2-

उत्तर प्रदेश राज्य गंगा समिति एवं गर्वनिग काउन्सिल की दिनांक 16.02.2022 को अपरान्ह 11:30 बजे मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन/अध्यक्ष, राज्य गंगा समिति की अध्यक्षता में सम्पन्न 9वीं बैठक का कार्यवृत्त।

| एजेण्डा बिन्दु | मुख्य सचिव/अध्यक्ष, राज्य गंगा समिति द्वारा दिये गयें निर्देश |
|---|---|
| एजेण्डा बिन्दु 9.1<br>राज्य गंगा समिति, उत्तर प्रदेश की दिनांक 9.11.2021 को सम्पन्न 8वीं बैठक के कार्यवृत्त एवं उसकी अनुपालन आख्या अनुमोदन। | कार्यवृत्त एवं उसकी अनुपालन आख्या का अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| एजेण्डा बिन्दु 9.2<br>नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत कृषि विभाग, उ0प्र0 के जनपद-बिजनौर से बलिया तक गंगा नदी के तटीय क्षेत्र (दोनों किनारों से 10 कि0मी0 तक) में भूमि एवं जल संरक्षण तथा प्रबन्ध हेतु कार्ययोजना का अनुमोदन। | समिति के समक्ष कृषि विभाग द्वारा परियोजना " गंगा के तटीय क्षेत्र में जल एवं भूमि संरक्षण, प्रबंधन की योजना तथा इन्टीग्रेटेड एक्शन प्लान फॉर एग्रीकल्चर एण्ड एलाइड एक्टिविटीस की कार्ययोजना" का प्रस्तुतीकरण दिया गया।<br>मुख्य सचिव महोदय/अध्यक्ष, राज्य गंगा समिति द्वारा उपरोक्त परियोजना का अनुमोदन प्रदान किया गया। परियोजना में गंगा नदी के पुनरोद्वार से सम्बन्धित मत्स्य विभाग, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण, वन विभाग, तथा पशुधन विभाग की गतिविधियों को भी सम्मिलित करते हुए, समग्र रूप में प्राक्कलन तैयार किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त संबंधित विभागों से कृषि विभाग समन्वय स्थापित कर कृषि उत्पादन आयुक्त महोदय के मार्गदर्शन के उपरान्त परियोजना की डी.पी.आर. भारत सरकार को प्रेषित की जाय।<br>उक्त के क्रम में कृषि विभाग के पत्र दिनांक 18.02.2022 के. माध्यम से संशोधित डी.पी.आर. लागत रू0 53459.79 लाख, वर्ष 2022-25 की मत्स्य विभाग, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण, वन विभाग,. तथा पशुधन विभाग आदि की कार्ययोजनाओं को भी सम्मिलित करते हुए समग्र रूप में प्राक्कलन तैयार कर नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग को उपलब्ध करायी गयी। जो कृषि उत्पादन आयुक्त महोदय उ0प्र0 शासन के माध्यम मुख्य सचिव महोदय, उ0प्र0 शासन के अनुमोदनापरान्त भारत सरकार को प्रेषित की जाएगी। |
| एजेण्डा बिन्दु 9.3<br>मा0 प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में | प्रमुख सचिव, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उ0प्र0 शासन/परियोजना निदेशक, राज्य स्वच्छ गंगा |

Scanned with OKEN Scanner

| | |
|---|---|
| गठित राष्ट्रीय गंगा परिषद की बैठक दिनांक 14.12.2019 का प्रगति विवरण। | मिशन,उ0प्र0 लखनऊ द्वारा उक्त के संबंध में विभागों द्वारा प्रेषित अनुपालन आख्या की अद्यतन स्थिति से समिति को अवगत कराया गया। उक्त के क्रम में मुख्य सचिव महोदय द्वारा सभी विभागों को अनुपालन आख्या निरंतर प्रेषित करने तथा प्रमुख सचिव, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग को अनुश्रवण करने के निर्देश दिये गये। |
| एजेण्डा बिन्दु 9.4<br>मा0 मंत्री जल शक्ति, भारत सरकार की अध्यक्षता में गठित अधिकार प्राप्त कार्यबल की विगत बैठक 22.09.2021 की अनुपालन आख्या संज्ञानार्थ। | प्रमुख सचिव, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग उ0प्र0 शासन/परियोजना निदेशक, राज्य स्वच्छ गंगा मिशन, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा उक्त के संबंध में विभागों द्वारा प्रेषित अनुपालन आख्या की अद्यतन स्थिति से समिति को अवगत कराया गया।<br>उक्त के क्रम में मुख्य सचिव महोदय, द्वारा सभी विभागों को अधिकार प्राप्त कार्यबल की विगत बैठक 22.09.2021 की अनुपालन आख्या आगामी बैठक से पूर्व प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया। |
| एजेण्डा बिन्दु 9.5<br>राज्य गंगा समिति में पूर्व में 05 विशेषज्ञों का कार्यावधि समाप्त होने के उपरान्त नये 05 विशेषज्ञों को नामित किया जाना। | मुख्य सचिव महोदय/अध्यक्ष, राज्य गंगा समिति द्वारा समिति में पूर्व में 05 नामित विशेषज्ञों की कार्यावधि समाप्त होने के उपरान्त 05 नये विशेषज्ञों को नामित किये जाने हेतु अतिशीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। |
| एजेण्डा बिन्दु 9.6<br>राज्य स्वच्छ गंगा मिशन व संस्था WWF-India के मध्य Knowledge Partnrship on Ganga Rejuvenation त्रि-वर्षीय MOU दिनांक 30.05.2019 के अन्तर्गत जिला गंगा समितियों के कार्यो एवं दायित्वों के निर्वहन हेतु WWF-India के द्वारा तैयार जिला गंगा प्लान का प्रारूप का अनुमोदनार्थ हेतु प्रस्तुतीकरण। | जिला गंगा समितियों के कार्यो एवं दायित्वों के निर्वहन हेतु WWF-India तथा राज्य स्वच्छ गंगा मिशन, उ0प्र0 के द्वारा तैयार किये गये जिला गंगा प्लान के प्रारूप का प्रस्तुतीकरण श्री सुरेश बाबू, निदेशक, WWF-India के द्वारा समिति के समक्ष दिया गया।<br>उक्त के क्रम में मुख्य सचिव महोदय के द्वारा जिला गंगा प्लान का अनुमोदन प्रदान करते हुए संदर्भित प्लान को सरल बनाये जाने एवं पोर्टल का निर्माण करने हेतु निर्देशित किया गया। |
| एजेण्डा बिन्दु 9.7<br>अध्यक्ष महोदय की अनुमति से | 1. मुख्य सचिव महोदय द्वारा जिला गंगा समितियों में जनपद में मुख्य विकास अधिकारी को समितियों की |

Scanned with OKEN Scanner

File No.76-2099/14/2021-2-

| | |
|---|---|
| अन्य प्रस्ताव। | गतिविधियों के सुचारू-संचालन एवं समन्वय हेतु नोडल अधिकारी नामित करने के निर्देश दिये गये।<br>2. नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत किये गये कार्यों की जागरूकता हेतु विशेष अभियान जनपद स्तर पर सम्पादित किया जाय।<br>3. नमामि गंगे कार्यक्रम के अन्तर्गत संचालित सभी परियोजनाओं की समीक्षा कर समयबद्ध पूर्ण कराया जाय।<br>4. नदियों में सीवरेज एवं औद्योगिक प्रदूषण निवारण के लिये डी.पी.आर. तैयार कराया जाय। |

बैठक सधन्यवाद सम्पन्न हुई।

Signed by दुर्गा शंकर मिश्र
Date: 12-03-2022 14:28:04
Reason: Approved

(दुर्गा शंकर मिश्र)
मुख्य सचिव।

Scanned with OKEN Scanner

File No.76-2099/14/2021-2-

उत्तर प्रदेश शासन
नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग-2
संख्या-108/76-2-2022/05एन.जी./2020
लखनऊः दिनांक 16 मार्च, 2022

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. ~~प्रमुख स्टाफ ऑफिसर, मुख्य सचिव, उ०प्र० शासन।~~
2. निजी सचिव, कृषि उत्पादन आयुक्त, उ०प्र० शासन।
3. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, पर्यावरण एवं वन विभाग, उ०प्र० शासन।
4. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, वित्त विभाग, उ०प्र० शासन।
5. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग, उ०प्र० शासन।
6. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ०प्र० शासन।
7. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ०प्र० शासन।
8. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, औद्योगिक विकास विभाग, उ०प्र० शासन।
9. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, पंचायतीराज विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, उ०प्र० शासन।
10. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, कृषि विभाग, उ०प्र० शासन।
11. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, पर्यटन व संस्कृति विभाग, उ०प्र० शासन।
12. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उ०प्र० शासन।
13. अपर परियोजना निदेशक, राज्य स्वच्छ गंगा मिशन, उ०प्र० लखनऊ।
14. प्रबन्ध निदेशक, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण/शहरी) लखनऊ।
15. कार्यकारी निदेशक, (प्रशा०) राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, भारत सरकार, नई दिल्ली।
16. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(अनुराग श्रीवास्तव)
प्रमुख सचिव।

Scanned with OKEN Scanner